Seva Teerth

Nagrikdevo Bhava

Seva Teerth is a government office campus within the Central Vista, designed to consolidate India's highest executive functions into a secure, modern, and efficient environment. Spread across Plot Nos. 36 and 38, the campus covers an area of approximately 20.12 acres with a total built-up area of about 90,000 square metres. It brings together the Prime Minister's Office (PMO), the Cabinet Secretariat (Cab Sec), and the National Security Council Secretariat (NSCS)—institutions that currently operate from multiple locations across New Delhi—into a single, unified campus.

Plot No. 36 has been developed as the Prime Minister's Office complex, consolidating existing facilities presently dispersed across 7, Lok Kalyan Marg and the PMO at South Block into one integrated campus. The project comprises a basement, ground floor, and three upper floors, designed to meet functional, operational, and sustainability requirements. The building façade features sandstone cladding complemented by aluminium jali and curtain wall glazing, imparting a dignified yet contemporary architectural character, while the curved roof is finished with zinc cladding. The design incorporates eight internal courtyards to ensure ample natural daylight. The complex provides dedicated offices for the Principal Secretary, Additional Secretary, and Director, along with their respective support staff.

The development at Plot No. 38 comprises two institutional buildings housing the National Security Council Secretariat and the Cabinet Secretariat. At present, the NSCS operates from Sardar Patel Bhawan, while the Cabinet Secretariat functions from multiple locations, including Rashtrapati Bhavan, North Block, Shivaji Stadium, Vigyan Bhavan Annexe, and Chanakya Bhavan.

The NSCS and Cabinet Secretariat buildings are planned as structures with a basement, ground floor, and three upper floors. An interconnected basement across the building's houses shared facilities and common services, ensuring efficient space utilisation and seamless operational coordination. The complex includes dedicated offices for the National Security Advisor and the Cabinet Secretary, along with adequate accommodation for their respective support staff. Offices are also provided for the Secretary, Additional Secretary, and Director, supported by the requisite infrastructure.

These new buildings are designed with a future-ready outlook. Building systems function in an integrated manner using the latest technologies to optimise energy consumption. These green buildings symbolise India's commitment to environmental sustainability. Key infrastructural systems—including air-conditioning, lighting, and electrical services—are designed for ease of operation, maintenance, and future upgrading. A separate utility block has also been developed to facilitate efficient service management and maintenance, thereby enhancing the overall functionality and operational efficiency of the complex.

The Department of Posts is pleased to release a commemorative postage stamp on Seva Teerth, symbolizing a renewed commitment to public service, transparent governance, and nation-building.

Credits:

Stamp/FDC/Brochure/ Cancellation Cachet	:	Ms. Nenu Gupta
Text	:	Based on the content provided by the Ministry of Housing and Urban Affairs

भारतीय डाक
डाक सेवा-जन सेवा
India Post
Dak Sewa-Jan Sewa

डाक विभाग
Department of Posts



सेवा तीर्थ

नागरिकदेवो भव

SEVA TEERTH

NAGRIKDEVO BHAVA

विवरणिका BROCHURE

सेवा तीर्थ

नागरिकदेवो भव

'सेवा तीर्थ', सेंट्रल विस्टा के अंतर्गत निर्मित भारत सरकार का एक कार्यालयी परिसर है। इसकी अभिकल्पना इस प्रकार तैयार की गई है कि भारत के सर्वोच्च कार्यकारी को समेकित रूप से सुरक्षित, आधुनिक और कुशल वातावरण प्रदान किया जा सके। भूखंड सं. 36 और भूखंड सं. 38 में लगभग 20.12 एकड़ में 90,000 वर्गमीटर बिल्ट–अप क्षेत्र में फैला यह परिसर प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) का मिलाजुला कार्यालय परिसर होगा। वर्तमान में, ये सभी संस्थान नई दिल्ली में अलग–अलग भवनों से संचालित हो रहे हैं। सेवा तीर्थ इन सभी महत्वपूर्ण कार्यालयों को एक ही एकीकृत परिसर में लाने का कार्य करेगा।

प्लॉट नंबर 36 को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) परिसर के रूप में विकसित किया गया है, जो वर्तमान में 7, लोक कल्याण मार्ग और साउथ ब्लॉक स्थित पीएमओ में बिखरे कार्यालयों को एक ही छत के नीचे लाने का काम करेगा। इस परियोजना के तहत बेसमेंट, भूतल और तीन ऊपरी तलों वाला भवन शामिल है, जिसे कार्यात्मक, प्रचालनगत और संधारणीयता संबंधी आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु डिजाइन किया गया है। इमारत के अग्रभाग में बलुआ पत्थर की क्लैडिंग लगाई गई है। साथ ही, एल्यूमीनियम जाली और कर्टेन वाल–ग्लेजिंग लगी हुई है, जो इसे भव्यता प्रदान करने के अलावा समकालीन वास्तुशिल्प से प्रेरित आकार भी प्रदान करता है। इसकी ढलानयुक्त छत पर जस्ते की क्लैडिंग लगाई गई है। इसमें आठ आंगन भी हैं, जिससे दिन के समय पर्याप्त प्राकृतिक प्रकाश प्राप्त होता है। इस परिसर में प्रधान सचिव, अपर सचिव और निदेशक के साथ–साथ उनके संबंधित सहायक कर्मचारियों के लिए समर्पित कार्यालय बनाए गए हैं।

प्लॉट नंबर 38 पर दो भवन बनाए गए हैं। इनमें 'राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय' (एनएससीएस) और 'मंत्रिमंडल सचिवालय' शामिल हैं। वर्तमान में, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय सरदार पटेल भवन से संचालित हो रहा है, जबकि मंत्रिमंडल सचिवालय राष्ट्रपति भवन, नॉर्थ ब्लॉक, शिवाजी स्टेडियम, विज्ञान भवन एनेक्सी और चाणक्य भवन सहित विभिन्न स्थानों से कार्य कर रहा है।

एनएससीएस और मंत्रिमंडल सचिवालय भवनों को बेसमेंट, भूतल और तीन ऊपरी तलों की संरचनाओं के रूप में योजनाबद्ध किया गया है। इस भवन के इंटरकनेक्टेड बेसमेंट में साझा सुविधाएं और साझा सेवाएं मौजूद हैं, जो उपलब्ध जगह के बेहतर इस्तेमाल और निर्बाध प्रचालन समन्वय में सहायक हैं। परिसर में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और मंत्रिमंडल सचिव के लिए समर्पित कार्यालय मौजूद हैं, साथ ही उनके संबंधित सहायक कर्मचारियों के लिए भी पर्याप्त स्थान निर्धारित किया गया है। सचिव, अपर सचिव और निदेशक के लिए बनाए गए कार्यालयों में आवश्यक मौलिक अवसंरचना उपलब्ध है।

ये नए भवन भविष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। इन भवनों में लगी सभी प्रणालियाँ नवीनतम प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए एकीकृत रीति से कार्य करती हैं, जिससे ऊर्जा का इष्टतम इस्तेमाल हो पाता है। ये हरित भवन पर्यावरण संरक्षण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। इनमें लगी वातानुकूलन प्रणाली, प्रकाश व्यवस्था और विद्युत उपकरणों सहित मुख्य ढांचागत प्रणालियों को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि उनका संचालन, अनुरक्षण और उन्नयन आसानी से किया जा सके। कुशल 'सेवा प्रबंधन' और 'रखरखाव' की सुविधा प्रदान करने के लिए अलग से एक उपयोगिता (यूटिलिटी) ब्लॉक भी तैयार किया गया है, जो इस परिसर की समग्र कार्यक्षमता और प्रचालन दक्षता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

डाक–विभाग जनसेवा, पारदर्शी सरकार, और राष्ट्र–निर्माण के प्रति नवीकृत प्रतिबद्धता के प्रतीक सेवा–तीर्थ पर स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है।

आभार :

डाक–टिकट/प्रथम दिवस आवरण/विवरणिका/विरूपण कैशे : श्रीमती नीनू गुप्ता

पाठ : आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदत्त सामग्री पर आधारित

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्य	:	500 पैसे
Denomination	:	500p
मुद्रित डाक–टिकटें	:	202800
Stamps Printed	:	202800
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

©डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

©Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 15.00